जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा
(परीक्षा विभाग)

प्रेषक :–

प्रो0 अनिल कुमार सिंह
परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा

सेवा में,

प्राचार्य / प्राभारी प्राचार्य / प्राचार्या
सभी अंगीभूत एवं संम्बद्ध महाविद्यालय,
छपरा / सीवान / गोपालगंज।

विषय :– स्नातक तृतीय खण्ड (2018-21) परीक्षा 2021 के परीक्षा प्रपत्र ऑनलाईन भरने एवं शुल्क विश्वविद्यालय में जमा करने के संबंध में।

महाशय / महाशया,

उपर्युक्त विषयक निदेशानुसार सूचित करना है कि स्नातक तृतीय खण्ड प्रतिष्ठा/ सामान्य/ व्यवसायिक विशेष परीक्षा 2021 के परीक्षा प्रपत्र ऑनलाईन भरने एवं शुल्क के साथ विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग में जमा करने हेतु तिथि का निर्धारण निम्नरूपेण किया गया है:

परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा प्रपत्र भरने एवं शुल्क के साथ महाविद्यालय में जमा करने की तिथि		**18.04.2022 से 25.04.2022 तक**
1.	परीक्षा शुल्क के मद में प्रतिष्ठा हेतु निर्धारित शुल्क(225+120+50+70+25)	490 / –रू मात्र
2.	परीक्षा शुल्क के मद में सामान्य हेतु निर्धारित शुल्क(200+120+50+70+25)	465 / –रू मात्र
3.	महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा प्रपत्रों को समेकित सूची .के साथ विश्वविद्यालय परीक्षा विभाग में शुल्क के साथ जमा करने की तिथि :	**26.04.2022**

महत्वपूर्ण निर्देश :–

परीक्षा प्रपत्र के साथ प्रथम / द्वितीय खण्ड परीक्षा के अंक–पत्र, प्रवेश–पत्र, विश्वविद्यालय पंजीयन प्रमाण–पत्र आदि कागजात की छायाप्रति प्राचार्य द्वारा अभिप्रमाणित संलग्न करना अति आवश्यक है। कोई भी छात्र प्रथम खण्ड में प्रोमेटेड होने पर एक ही सत्र में किसी भी परिस्थिति में तृतीय खण्ड के परीक्षा में शामिल होने के पात्र नही होंगें। परीक्षा प्रपत्र में किसी भी समय किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर परीक्षा प्रपत्र रद्द कर दिये जायेगें।

छात्र परीक्षा प्रपत्र को वेबसाईट **www.jpuresults.in** पर **online** भरकर उसकी प्रिंट कॉपी के साथ संबंधित कागजातों को संलग्न कर महाविद्यालय में सत्यापित कराकर जमा करेंगें। परीक्षा मण्डल के निर्णयानुसार पंजीकृत छात्रों की परीक्षा प्रपत्र भरने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। विना पंजीकृत छात्रों के परीक्षा प्रपत्र यदि सत्यापित या अग्रसारित की जाती है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित प्राचार्य एवं सत्यापन पदाधिकारी की होगी। परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण के पूर्व प्राचार्य अथवा उनके द्वारा अधिकृत व्यक्ति अपनेस्तर से आश्वस्त हो लें कि परीक्षा प्रपत्र की सभी प्रविष्टियॉ सही–सही भरी हों। परीक्षा प्रपत्र विषयवार छात्रों की समेकित सूची दो प्रतियों में कमांकवार एवं **online form No.** विषयवार कम्पयुटराईज्ड तथा Excel Format में Pen Drive में भेजा जाना आवश्यक है।

परीक्षा शुल्क सभी महाविद्यालयों के प्राचार्य द्वारा जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपर के परीक्षा खाता संख्या 3113333442(IFSC:CBIN0283917, A/c Name – JAI PRAKASH UNIVERSITY EXAMINATION FUND) सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया (माला मिर्जा टुकरा विश्वविद्यालय,कैम्पस) छपरा में RTGS/NEFT के माध्यम से जमा किये जाऐगें। त्रुटिपूर्ण परीक्षा प्रपत्र अग्रसारण की स्थिति में संबंधित प्राचार्य की जवाबदेही होगी। साथ ही परीक्षा प्रपत्र विश्वविद्यालय में जमा करने की तिथि के पूर्व इमेल ceexamsjpuchapra@gmail.com पर समेकित सूची एवं प्रेषित प्रारूप में परीक्षा शुल्क बैंक विवरणी इत्यादि प्रेषित करना आवश्यक हैं।

नोट :परीक्षा प्रपत्र **online** भरकर उसकी प्रिन्टआउट सबंधित महाविद्यालय में जमा करने के उपरान्त परीक्षार्थी उसकी एक प्रति प्रिन्टआउट कॉपी मूलप्रति / छायाप्रति **online form No.** भविष्य मे संदर्भ हेतु अपने पास सुरक्षित रखें।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह0 / –
(प्रो.अनिल कुमार सिंह)
परीक्षा नियंत्रक

ज्ञापांक :C/008933
दिनांक : 11-04-2022

प्रतिलिपि :–

अध्यक्ष,छात्र–कल्याण पदाधिकारी /नोडल पदाधिकारी / जन सम्पर्क पदाधिकारी / वित्त परामर्शी /वित्त पदाधिकारी / प्रसाखा पदाधिकारी एवं सहायक,पंजीयन शाखा / भंडारपाल / परीक्षा सहायक / वेभसाईट प्रभारी,सहायक / कुलपति / प्रति–कुलपति एवं कुलसचिव के निजी सहायक, जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Giridhar 11/04/22

11/4/22

परीक्षा नियंत्रक
जय प्रकाश विश्वविद्यालय,छपरा